# Report of Online Quiz Competition held under ***Ek Bharat Shrestha Ek Bharat*** campaign conducted by Indian Institute of Tourism &Travel Management, Gwalior

An Online Quiz competition on ***Ek Bharat Shreshtha Bharat*** is organized for the students of IITTM across centers. Around 60 participants attempted first round. First round of the Quiz was held on 27 May 2020, through Google doc form wherein 60 questions on the pairing states of Madhya Pradesh – Manipur & Nagaland. Participants paired in team of two had to submit their answers within 45 minutes.

Among 11 teams, 4 teams qualified for final round whereas for 5th position there was tie in 3 teams for which a tie breaker round was held through Zoom app and Team of Nellore IITTM qualified for final round.

| **Group No.** | **Team Member** | **Program & Semester** | **Center** | **Total Marks** |
|---|---|---|---|---|
| 09 | Keshav Gupta & Disha Sharma | MBA – II Semester | Noida, IITTM | 53 |
| 10 | Surya Dagar & Rishabh Munjal | MBA – II Semester | Noida , IITTM | 53 |
| 6 | Devansh Shrivastava & Akash Kumar Jain | BBA – IV semester | Gwalior, IITTM | 52 |
| 3 | Harshil Gupta & Jui Merukar | BBA – II semester | Gwalior, IITTM | 52 |
| 5 | Jonnada Sai Sunil Bitragunta Vaishitha | BBA – IV semester | Nellore, IITTM | 49 |

Final round for the Online Quiz competition will be held on 29 May 2020 through Zoom app.


Final round of online quiz competition under ***Ek Bharat Shreshtha Bharat*** was conducted on 29 May 2020 through Zoom app. 5 teams qualified for the final round of online quiz competition. Final Quiz was divided in 4 four rounds, namely, Question-Answer Round, Pass the Question round, Visual Round & Bidding Round. After competing in all the four rounds following teams occupied the positions:


**Winner-** Surya Dagar & Rishabh Munjal, MBA – II Semester, Noida, IITTM


**Runner up -** Harshil Gupta & Jui Merukar, BBA – II semester, Gwalior, IITTM

**Runner Up -** Jonnada Sai Sunil & Bitragunta Vaishitha, BBA –IV semester, Nellore, IITTM




Q5. Which Sufi saint was the
spiritual master of Amir Khusrau
and Nasiruddin Chirag-e- Delhi?




Directors of the IITTM
Q5. Which Sufi saint was the
spiritual master of Amir Khusrau
and Nasiruddin Chirag-e- Delhi?

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत पर हुआ ऑनलाइन क्विज, सूर्य- रिषभ बने विजेता

**सिटी रिपोर्टर** | इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट (आईआईटीटीएम) की ओर से एक भारत, श्रेष्ठ भारत थीम पर ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया गया। इसका पहला राउंड 27 मई को हुआ था। इसमें देशभर से चयनित होने वाली 5 टीमों को फाइनल में मौका मिला। जूम एप के माध्यम से रैपिड क्वेश्चन आंसर राउंड हुए। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले आईआईटीटीएम के सूर्य डागर और रिषभ मंजुल विजेता बने। विजेताओं को ट्रॉफी दी जाएंगी। संचालन कोआर्डिनेटर डॉ. कामाक्षी माहेश्वरी ने किया।

आइआइटीटीएम में ऑनलाइन क्विज कॉम्पीटिशन

# हर सवाल का जवाब देकर टीम बनी विनर

पत्रिका PLUS रिपोर्टर



**ग्वालियर** ◆ भारतीय यात्रा एवं पर्यटन प्रबंध संस्थान की ओर से एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संस्थान के सभी केन्द्रों से कुल 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया गया। प्रथम चरण गत दिवस किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को ऑनलाइन 60 प्रश्नों का उत्तर देना था। इन प्रश्नों का विषय 'पेयरिंग स्टेट मणिपुर नागालैंड एवं मप्र का इतिहास, पर्यटन एवं संस्कृति' रहा। इन 11 टीम्स में से 4 टीम्स प्राप्त अंको के आधार पर द्वितीय चरण के लिए चयनित की गईं, जबकि 5वें स्थान के लिए 3 सामान प्राप्तांकों वाली टीम के मध्य टाई ब्रेकर राउंड का आयोजन किया गया। जूम एप के माध्यम से रैपिड क्वेश्चन आंसर राउंड में सभी 5 टीम्स ने भाग लिया। रैपिड क्वेश्चन आंसर राउंड 4 चरणों में किया गया।

**पांच टीम ने 4 राउंड में लिया भाग**

प्रथम दो चरणों में प्रतिभागियों से पर्यटन इतिहास एवं संस्कृति से संबंधति प्रशन पूछे गए। तीसरे एवं चौथे चरण में प्रतिभागियों को चित्र दिखाकर क्वेश्चन पूछे गए। क्विज के विजेता आइआइटीटीएम नोएडा के सूर्य डागर एवं रिषभ मंजुल रहे। प्रतियोगिता का संचालन कार्यक्रम की को-ऑर्डिनेटर डॉ. कामाक्षी महेश्वरी, डॉ. सौरभ पाठक, अमित वासवानी ने किया।

## ये पूछे गए सवाल

- चम्बल की घाटियां किन प्रदेशों के सीमा पर स्थित हैं?
- रेड हिल पर स्थित भारतीय शांति स्मारक किस देश से सम्बन्धित है?
- कर, कलाम्दानी किस प्रदेश का हस्तशिल्प है?
- कर्णाटक का कौन सा स्थान खिलोने के शहर के नाम से फेमस है?
- मध्य भारत का कौन सा शहर पेशवा बाजीराव ने अपने सूबेदार मल्हार राव होलकर को उपहार स्वरूप दिया था?

# बताया भारत का इतिहास व पर्यटन का महत्व



आइआइटीटीएम प्रबंधन ने ऑनलाइन कॉम्पीटिशन को ऑपरेट किया। (**चि.**)

**ग्वालियर (नईदुनिया रिपोर्टर)।** भारतीय यात्रा एवं पर्यटन प्रबंध संस्थान ने भारत सरकार के एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को ऑनलाइन क्विज कॉम्पीटिशन रखा। इसमें संस्थान के सभी केंद्रों से 22 प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया गया। पहला चरण बुधवार को हुआ था, इसमें प्रतिभागियों को 60 प्रश्नों के उत्तर देने थे। प्रश्न पेयरिंग स्टेट मणिपुर, नागालैंड एवं मध्य प्रदेश से संबंधित थे। पहले चरण की 11 टीमों में से 4 टीमों का चयन शुक्रवार के लिए किया गया। पहले दो चरणों में पर्यटन व इतिहास से संबंधित प्रश्न पूछे गए। तीसरे व चौथे चरण में प्रतिभागियों को चित्र दिखाकर प्रश्न पूछे गए। विजेता आइआइटीटीएम, नोएडा के सूर्य डागर एवं रिषभ मंजुल की टीम रही। संचालन को-ऑर्डिनेटर डॉ. कामाक्षी महेश्वरी के साथ डॉ. सौरभ पाठक एवं अमित वासवानी ने किया।